# ध्येय पथ

## मासिक ई-पत्रिका

अप्रैल, 2023



सम्पादक

पुष्पा निषाद

सुबोध कुमार मिश्र

## महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर

## योग कार्यशाला

01 अप्रैल को महाविद्यालय को आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में सप्तदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। योग कार्यशाला का शुभारम्भ बी.एड्. विभाग अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपना उद्‌बोधन देकर किया। कार्यशाला के प्रशिक्षक के रूप में महाविद्यालय के




शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने उपस्थित विद्यार्थियों को योग कराना। योग कार्यशाला में बी.एड्. द्वितीय सेमेस्टर के 48 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का संयोजन सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।

## तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर का प्रथम दिन

07 अप्रैल को महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर के प्रथम दिन के प्रशिक्षक के रूप में कार्यवाहक जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री सुरज चंद गौतम, जिला प्रशिक्षक श्री शिवा राम व श्री शशि प्रकाश जी उपस्थित रहे। प्रथम दिन के प्रशिक्षण शिविर में कुल 43 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। शिविर का संयोजन बी.एड्. विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।



## एक दिवसीय संगोष्ठी



08 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा मंगल पाण्डेय के शहीदी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय भारतीय क्रांति के प्रथम आवाज "मंगल पाण्डेय" था। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया। आभार ज्ञापन श्री उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह

09 अप्रैल को महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के तीन दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित श्री शिवा राम एवम श्री अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान कर दीक्षा दी। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक श्री अभिषेक त्रिपाठी सहित कुल 43 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया।



## आर्य समाज स्थापना दिवस

10 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत समाजशास्त्र विभाग द्वारा आर्य समाज के स्थापना दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री रितेन्द्र नाथ पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना पाण्डेय एवं कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।




## एक दिवसीय संगोष्ठी

11 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयन्ती के अवसर पर "स्त्री शिक्षा के आद्यजनक ज्योतिबा राव फूले" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता बी.एड्. विभाग की प्रभारी एवं उपप्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन डॉ. अर्चना गुप्ता ने एवं आभार ज्ञापन श्री अनुप कुमार पाण्डेय द्वारा किया।



## वाद-विवाद प्रतियोगिता



11 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शब्दावली मात्र या क्रांतिकारी परिवर्तन रहा। वाद–विवाद प्रतियोगिता में बी. एड्. द्वितीय सेमेस्टर के आशीर्वाद, आदित्य, साक्षी सोनकर, सत्यप्रकाश, मधुमिता, प्रियंका, गीतांजली आदि ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया। इस अवसर पर बी.एड्. द्वितीय सेमेस्टर के 45 विद्यार्थी सहित विभागीय शिक्षक उपस्थित रहे।

## क्विज कम्पटीशन

12 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भूगोल विभाग द्वारा ज्योग्राफिकल क्विज कम्पटीशन के अन्तिम चरण का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक स्तर की कुल पाँच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 'टीम सी' विजेता रही जिसमें विवेक कुमार निषाद, प्रियंका सिंह, गरिमा, आकृति मौर्या, अंजू व मधु विश्वकर्मा सम्मिलित रही। 'टीम ए' उपविजेता रही। जिसमें आकाश गुप्ता, विनीता विश्वकर्मा, कल्पना, राधिका, सुन्दरम, मुस्कान व ईशा गुप्ता सम्मिलित थी। कार्यक्रम का संयोजन अरविन्द कुमार मौर्य तथा अध्यक्षता उप प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी द्वारा किया गया। संचालन एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री दीपचन्द ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. मंजेश्वर सिंह, श्री विनय सिंह, डॉ. शालू श्रीवास्तव, डॉ. नीलम गुप्ता उपस्थित रही।



## एक दिवसीय संगोष्ठी

13 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इतिहास विभाग के द्वारा 'सत्याग्रह दिवस' के अवसर पर 'विश्वयुद्ध में अंग्रेजों से सहयोग का प्रतिफल : जलियावाला बाग नरसंहार' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में बी.एड्. विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में कुल 76 विद्यार्थी उपस्थित हुए।




## विशिष्ट व्याख्यान

13 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इतिहास विभाग के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती की पूर्व संध्या पर "आधुनिक शिक्षा के हिमायती डॉ. भीमराव अम्बेडकर" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. अर्चना गुप्ता ने तथा आभार ज्ञापन श्री अनूप कुमार पाण्डेय जी ने किया। इस अवसर पर इतिहास के 42 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## मैप ड्राइंग प्रतियोगिता

15 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भूगोल विभाग द्वारा मैप ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 57 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आलोक चौहान को प्रथम स्थान, मुस्कान चौहान को द्वितीय स्थान, विनय कुमार को तृतीय स्थान तथा सृष्टि जायसवाल एवं विवेक कुमार निषाद को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. नीलम गुप्ता द्वारा एवं आभार ज्ञापन श्री अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. शालू श्रीवास्तव एवं स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## विशिष्ट व्याख्यान

15 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत समाजशास्त्र विभाग द्वारा ''फाइनेन्स एवं बैकिंग'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य सुश्री श्वेता ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री रितेन्द्र नाथ पाण्डेय ने किया एवं संचालन डॉ. भावना पाण्डेय ने किया।



## शिक्षक अभिभावक सम्मेलन

16 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया।



कार्यक्रम के अन्त में शिक्षक–अभिभावक समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष के रूप में श्री जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष श्री हाकिम सिंह, महामंत्री श्रीमती सरिता खरवार एवं सदस्य के रूप में रामदरश गुप्त, अरूण कुमार, जनमेजय यादव एवं श्री प्रकाश शुक्ल का चुनाव किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दिव्या दूबे एवं आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती प्रियंका मिश्रा के द्वारा किया गया।


## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम

17 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ''महामहोपाध्याय रायबहादुर पण्डित गौरीशंकर हीराचन्द ओझा की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अभिषेक सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री अभयराज वर्मा ने किया।



## विदाई समारोह कार्यक्रम

17 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रसायन विज्ञान विभाग के एम.ए.सी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने एम. एस.सी. अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन एम.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अरूण प्रताप कुशवाहा ने किया।



## विश्व विरासत दिवस व बलिदान दिवस

18 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा विश्व विरासत दिवस के अवसर पर ''भारत की धरोहर'' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष श्री हरिकेश यादव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसी कार्यक्रम में बलिदान दिवस पर भी मुख्य वक्ता ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन श्री अनूप कुमार पाण्डेय एवं आभार ज्ञापन डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान

21 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भूगोल विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर ''जलवायु संकट का उपचार'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन




किया गया। व्याख्यान मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ. स्वर्णिमा सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन अरविन्द कुमार मौर्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय नागरिक सेवा दिवस

21 अप्रैल को महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय नागरिक सेवा



दिवस के अवसर पर ''राष्ट्र निर्माण में लोक सेवकों की भूमिका'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष श्री अनूप पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिनव त्रिपाठी ने तथा संयोजन एवं आभार ज्ञापन राजनीतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरिकेश यादव ने किया।

## श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम

24 अप्रैल को महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ''पंचायती राज संस्थाएँ : उपलब्धियाँ एवं चुनौतियाँ'' विषय पर श्रव्य–दृश्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग प्रभारी श्री हरिकेश यादव ने पंचायती राज व्यवस्था पर आधारित दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री की विस्तृत व्याख्या की। कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिनव त्रिपाठी ने तथा संयोजन व आभार ज्ञापन डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय ने किया।




## एक दिवसीय संगोष्ठी

25 अप्रैल को महाविद्यालय में गणित एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा 'अनुप्रयुक्त गणित'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी पी. जी. कॉलेज, गोरखपुर के गणित विभाग के सहायक आचार्य डॉ. आकाश पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का संयोजन गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रभारी श्री श्रीकान्त मणि त्रिपाठी ने एवं आभार ज्ञापन विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. अरूण राव ने किया।



## एक दिवसीय संगोष्ठी

28 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बी.एड्. विभाग द्वारा मापन एवं मूल्यांकन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाज सेविका डॉ. प्रीति मिश्रा, ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगोष्ठी कार्यक्रम में संचालन विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक ने किया। इस अवसर पर बी.एड्. द्वितीय सेमेस्टर के 56 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## एक दिवसीय सेमिनार

28 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''व्यक्तित्व के विविध आयाम'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभय सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती श्वेता तथा संयोजन श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान

29 अप्रैल को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा ''मानवाधिकार : अर्थ, अवधारणा एवं ऐतिहासिक विकास'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन इतिहास विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने व आभार ज्ञापन श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर कुल 59 विद्यार्थी उपस्थित रहे।






# समाचार पत्रों में प्रकाशित अप्रैल माह की गतिविधियां

हिन्दुस्तान
गोरखपुर, रविवार, 2 अप्रैल 2023
06

## योग से स्वस्थ रहता है शरीर

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के बीएड विभाग में सप्त दिवसीय योग कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। विभागाध्यक्ष शिप्रा सिंह ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ एवं मस्तिष्क एकाग्रचित रहता है। हमारे मन में अच्छे विचार का निवास होता है। हमें अपनी जीवन शैली में योग को हिस्सा बनाना चाहिए। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर बताया। सूक्ष्म व्यायाम व वार्मिंग अप का अभ्यास भी कराया।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर
शुक्रवार
7 अप्रैल 2023
05

## शैक्षिक प्रदर्शनी देती है प्रतिभा प्रदर्शन का मौका

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में बीएड विभाग द्वारा गुरुवार को शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिग्विजयनाथ कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ शीला सिंह ने कहा कि शैक्षिक प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। शैक्षिक प्रदर्शनी मूल्य के प्रदर्शन है।

दैनिक जागरण
गोरखपुर, 7 अप्रैल, 2023
www.jagran.com

## शैक्षिक प्रदर्शनी से मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का मौका

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में बीएड विभाग की ओर से गुरुवार को शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि दिग्विजयनाथ कालेज के मनोविज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष डा. शीला सिंह ने कहा कि, शैक्षिक प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। शैक्षिक प्रदर्शनी मूल्य के प्रदर्शन हैं। विभागाध्यक्ष शिप्रा सिंह ने कहा कि बेहतर तैयारियों के साथ इस प्रकार के आयोजनों में सहभाग कर अपनी प्रतिभा को निखारें। इसका संयोजन दीप्ति गुप्ता ने किया।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर
शुक्रवार
7 अप्रैल 2023
02

## भाषण में श्वेता शर्मा प्रथम और मनीषा रहीं द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर हेल्थ फॉर आल विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा श्वेता शर्मा प्रथम रहीं। एमए की मनीषा वर्मा द्वितीय व प्रतिमा यादव तृतीय रहीं। सांत्वना पुरस्कार इशिका श्रीवास्तव को मिला। निर्णायक मंडल में डॉ भावना पाण्डेय व हरिकेश यादव शामिल रहे। संचालन अर्चिता एवं संयोजन रीतिका त्रिपाठी ने किया।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, बुधवार, 12 अप्रैल 2023

## सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे ज्योतिबा फुले

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उप प्राचार्य शिप्रा सिंह ने बताया कि ज्योतिबा राव फुले भारत में सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत बन कर उभरे। गरीब महिलाओं एवं दलितो के उत्थान के साथ स्त्रियों की शिक्षा एवं समानता के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। संयोजन डॉ. अर्चना गुप्ता एवं आभार ज्ञापन अनूप पाण्डेय ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

अमर उजाला

गोरखपुर | शुक्रवार, 7 अप्रैल 2023

## शैक्षणिक प्रदर्शनी में झलकी छात्रों की प्रतिभा

गोरखपुर। अमृत महोत्सव के तहत महाराणा प्रताप महाविद्यालय में बीएड विभाग ने शैक्षिक प्रदर्शनी लगाई। शुभारंभ पर मुख्य अतिथि डॉ. शीला सिंह ने कहा कि शैक्षिक प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। यहां इंटीग्रेटेड फार्मिंग, सोलर इरिगेशन, रेन डिटेक्टर, जल चक्र, स्वचालित स्ट्रीट लाइट, प्राचीनकाल के घरों की बनावट, एक जिला एक उत्पाद, स्वच्छ भारत, प्राकृतिक संसाधन, न्यूट्रान की संरचना आकर्षण के केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल से जुड़े प्रश्नों का जवाब भी दिया। इस दौरान शिप्रा सिंह, दीप्ति गुप्ता व छात्र मौजूद रहे। संवाद

गोरखपुर, गुरुवार

13 अप्रैल, 2023

## ज्योग्राफिकल क्विज में टीम सी बनी विजेता

जासं, गोरखपुर: आजादी के अमृत महोत्सव के तह
बुधवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ मे
भूगोल विभाग द्वारा ज्योग्राफिकल क्विज के अंतिम चर
का आयोजन किया गया। स्नातक स्तर की कुल पां
टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें टीम सी 41 अंक स्को
के साथ विजेता रही।

टीम में विवेक, प्रियंका, गरिमा, आकृति मौर्या, अंजू
मधु शामिल रहे। टीम ए 35.5 अंक स्कोर के साथ उ
विजेता रही। अध्यक्षता उप-प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष ड
विजय कुमार चौधरी ने की। संयोजन अरविंद कुमार मौ
व संचालन छात्र दीपचंद ने किया।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, रविवार, 16 अप्रैल 2023 09

## मैप ड्राइंग में आलोक प्रथम व मुस्कान द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में भूगोल विभाग द्वारा शनिवार को मैप ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आलोक चौहान प्रथम, मुस्कान चौहान द्वितीय, विनय कुमार तृतीय रहे। सांत्वना पुरस्कार सृष्टि जायसवाल एवं विवेक कुमार निषाद को प्राप्त हुआ। संयोजन डॉ. नीलम गुप्ता ने एवं आभार ज्ञापन अरविन्द मौर्य ने किया।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर, सोमवार, 17 अप्रैल 2023 06

## शिक्षक-अभिभावक समिति का किया गया गठन

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के रसायन विज्ञान विभाग में रविवार को शिक्षक-अभिभावक समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष के रूप में जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष हाकिम सिंह, महामंत्री सरिता खरवार एवं सदस्य के रूप रामदरश गुप्त, अरुण कुमार, जन्मेजय यादव एवं श्रीप्रकाश शुक्ल का चुनाव किया गया। संचालन दिव्या दूबे व आभार ज्ञापन संयोजिका प्रियंका मिश्रा ने किया।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर, शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023 06

## एमपी पीजी कॉलेज में प्रवेश पहली मई से

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारम्भ होगी। अभ्यर्थी कॉलेज के वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकेंगे। गुरुवार को प्रवेश समिति की बैठक में इसका निर्णय लिया गया।

प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। वेबसाइट पर अपना विस्तृत विवरण भरना होगा। 200 रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा करने के बाद पंजीकरण नंबर मिल जाएगा। पंजीकरण के बाद पूरा आवेदन भरकर उसकी हार्डकॉपी डाउनलोड करने के बाद काउंसिलिंग के बाद प्रवेश ले सकते हैं। बैठक में डॉ. विजय चौधरी, डॉ. अरुण राव, डॉ. सुबोध मिश्र एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान
www.livehindusta
गोरखपुर
मंगलवार
18 अप्रैल 2023 05

## अमन मिस्टर, पुष्पांजलि मिस फेयरवेल चुनी गईं

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ के रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्रा पुष्पांजली राय को मिस फेयरवेल तथा छात्र अमन मद्धेशिया को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

## इतिहास के ख्यातिलब्ध विद्वान थे पं. गौरीशंकर

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में प्राचीन इतिहास विभाग द्वारा 'महामहोपाध्याय रायबहादुर पंडित गौरीशंकर हीराचन्द ओझा' की पुण्यतिथि पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह ने कहा कि वे भारतीय इतिहास तथा पुरातत्व के अग्रणी एवं ख्यातिलब्ध विद्वान थे। उन्होंने भारतीय इतिहास के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. मजेश्वर ने भी संबोधित किया।

दैनिक जागरण
www.jagran.com
गोरखपुर, 29 अप्रैल, 2023

## मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया है मूल्यांकन

जासं, गोरखपुर : आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में बीएड विभाग की ओर से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'मापन एवं मूल्यांकन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए शिक्षाविद डा.प्रीति मिश्रा ने कहा कि मापन स्थिति निर्धारण की प्रक्रिया है जबकि मूल्यांकन मूल्य निर्धारण की। मूल्यांकन का उद्देश्य विद्यार्थी के समग्र व्यक्तित्व और शैक्षिक नियोजन की जांच करना है। मूल्यांकन शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा कि मापन एवं मूल्यांकन न केवल विद्यार्थी के अर्जित ज्ञान व शैक्षिक प्रगति का आकलन करता है बल्कि वैयक्तिक विभिन्नताओं के आधार पर चयन, वर्गीकरण शैक्षिक मानकों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मूल्यांकन में समग्रता, वस्तुनिष्ठता,



शिक्षाविद् डा. प्रीति मिश्रा को सम्मानित करती शिप्रा सिंह • सौ. स्वयं

विश्वसनीयता एवं व्यवहारिकता का समावेश होना आवश्यक है। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में डा. मिश्रा ने मापन, मूल्यांकन एवं आकलन को बारीकी से समझाया। संगोष्ठी का संचालन अभिषेक त्रिपाठी और आभार ज्ञापन बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने किया। इस दौरान दीप्ति गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, डा. अनुभा गुप्ता, जितेंद्र प्रजापति, पुष्पा निषाद आदि मौजूद रहे। शुक्रवार को ही कालेज के वाणिज्य विभाग में 'व्यक्तित्व के आयाम' विषय पर भी संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डा.अभय सिंह ने अपने विचार रखे। इस संगोष्ठी का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य श्वेता तथा संयोजन सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।

हिन्दुस्तान
www.livehindusta
गोरखपुर
मंगलवार
25 अप्रैल 2023 07

## गांवों से होती है भारत की पहचान

गोरखपुर। एमपीपीजी, जंगल धूसड़ के राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष हरिकेश यादव ने कहा कि भारत का दिल उसके गांवों में बसता है और देश की पहचान उसके गांवों से ही होती है। देश को हर स्तर पर चलाने के लिए व्यवस्था की जरूरत होती है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर भी प्रशासन की व्यवस्था की गई है। इसी व्यवस्था को पंचायतीराज का नाम दिया गया है। संचालन अभिनव त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डॉ. सलील पाण्डेय एवं उपेन्द्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्‌देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अप्रैल माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर-273014